कुड़ी भगतासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ी भगतासनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ भी साथ रही।

निरीक्षण के दौरान कार्मिकों की अनुपस्थित सहित अस्पताल परिसर में अव्यवस्थाएं मिली। संसदीय कार्य मंत्री ने संयुक्त निदेशक डॉ नरेन्द्र सक्सेना को मौके पर बुलाकर आज ही आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र की जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा चिकित्सा विभाग के अधिकारी और चिकित्सक पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मरीजों के उपचार और अस्पताल संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जनरल ओपीडी, लेबर रूम,इंजेक्शन एवं ड्रेसिंग कक्ष, ईसीजी कक्ष, पुरूष वार्ड, महिला वार्ड,लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष,पंजीकरण रजिस्टर एवं दवाओं के स्टॉक का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

संसदीय कार्य मंत्री ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए कि अस्पताल में समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराए।

उन्होंने अभियान चलाकर अस्पताल परिसर एवं सभी वार्ड्स में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पटेल ने संयुक्त निदेशक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों में अधिकाधिक औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर, आवश्यक सामग्री एवं शुद्ध पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, चिकित्सक इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने अस्पताल के वार्डों के अवलोकन के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर राज्य सरकार द्वारा मिल रही नि:शुल्क दवा, नि:शुल्क जांच सहित अन्य सुविधाओं का फीडबैक लिया।

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री जोगाराम पटेल नेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ी भगतासनी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मिडिएशन फोर द नेशन अभियान 90 दिन तक चलेगा

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एहसान अहमद ने सोमवार को जिले के न्यायिक मजिस्ट्रेट की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाए जा रहे मिडिएशन फोर द नेशन अभियान के तहत आयोजित होने वाली मध्यस्थता गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान 90 दिनों तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को मध्यस्थता के जरिए निस्तारित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि वे न्यायालयों में लंबित चल रहे सिविल प्रकरण, फौजदारी, 138 एनआईएक्ट, पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकृति के मध्यस्थता योग्य प्रकरणों को जरिए मध्यस्थता निस्तारित करवाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों का चयन करने, मध्यस्थता के लिए चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारों को यथा समय नोटिसेज जारी करने का कहा। इस दौरान उन्होंने आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में जिला मुख्यालय के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जबकि मुख्यालय से बाहर पद स्थापित अधिकारियों ने जरिए वीसी भाग लिया।

रामस्नेही संत गोपाल राम महाराज का चातुर्मास प्रवेश

रामस्नेही संप्रदाय की तपोभूमि श्री रामद्वारा पाली में ब्यावर रामद्वारा से संत गोपाल राम महाराज ने चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। रामस्नेही संप्रदाय की तपोभूमि श्री रामद्वारा पाली में ब्यावर रामद्वारा से पहुंचे संत गोपाल राम महाराज ने चातुर्मास कथा के प्रथम दिन धर्म सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि रामायण को प्रेम का शास्त्र कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह न केवल भगवान राम और सीता के बीच प्रेम, बल्कि भाई, मित्र, और भक्त के बीच प्रेम का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। रामायण में प्रेम, त्याग, कर्तव्य और धर्म का सुंदर मिश्रण है, जो इसे प्रेम का एक गहरा शास्त्र बनाता है।

रामायण में प्रेम के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है। दाम्पत्य प्रेम, भ्रातृ प्रेम, भक्ति प्रेम,मित्रता का प्रेम, त्याग का प्रेम, धर्म के प्रति प्रेम। संक्षेप में रामायण प्रेम, त्याग, कर्तव्य और धर्म का एक गहन शास्त्र है, जो विभिन्न प्रकार के प्रेम को प्रदर्शित करता है, और मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण सीख प्रदान करता है।

कथा से पहले गीता भवन से राम द्वारा तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें संत गोपाल राम महाराज, बाल संत संत गोविंद राम महाराज के ऊपर फूलों की बारिश करते हुए पुष्प माला पहनकर के स्वागत के साथ भक्त लोग ढोल नगाड़े और बैंड बाजे के साथ नृत्य कर रहे थे। श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी का कीर्तन गाते हुए झूमते नाचते हुए रामद्वारा पहुंचे।

गांधी मूर्ति रामद्वारा में चातुर्मास कथा का समय सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक रखा गया है।

सार-समाचार

कुसुम को पी.एच.डी. उपाधि

कुसुम

जोधपुर, (नि.सं.)। कुसुम पत्नी ललित कुमार सांखला को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर से इतिहास मे डॉक्टरेट की प्रोविशनल सर्टिफिकेट विषय मारवाड मे राजनितिक एवम सांस्कृतिक इतिहास का आलोचनात्मक अध्यन (राव सिंहा से सन 1240 से राव जोधा सन 1489 तक) पर शोध कर 20जुलाई 2023 को सब्मिट किया। यह शोध डॉ मनोरमा उपाध्याय आचार्य महिला पी जी महाविद्यालय कमला नेहरू नगर जोधपुर के दिशा निर्देश मे किया। यह उपाधि दिनांक 02 जुलाई 2025 को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा प्रदान की गई।

विशाखा डाबी ने नामांकन दाखिल किया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के 13जुलाई को होने जा रहे संचालक मंडल के चुनाव में इस बार देश के ख्यातिनाम जादूगर गोपाल की पौत्री विशाखा ने आज नामांकन भरा। आज सुबह विशाखा अपने समर्थकों के साथ बैंक पहुंची तथा निर्वाचन अधिकारी अरुण बारहट के समक्ष नामांकन दाखिल किया। पंजाब यूनिवर्सिटी से बीकॉम. एल एल बी कर रहीं विशाखा शिक्षा के श्रेत्र में सदैव टॉपर रही है इसके साथ ही अपने दादा जादूगर गोपाल से विरासत में मिली जादू कला में भी दक्ष हैं। वे गत वर्ष वियतनाम में आयोजित इंटरनेशनल ऑनलाइन मैजिक कॉन्टेस्ट में प्रथम स्थान हासिल कर जोधपुर का नाम रोशन कर चुकी हैं। अब वे बैंक के संचालक मंडल के चुनाव में अपना भाग्य आजमाने जा रही हैं। आज नामांकन दाखिल करने के समय जादूगर गोपाल, पूनम चंद डाबी, नरपतराज जोरम, चंद्रप्रकाश आसेरी, गणपत डाबी, कैलाश मकवाणा, भरत मकवाना, नूतन डाबी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन

पोकरण, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल पोकरण द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्र भक्त एवं प्रखर विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पोकरण शहर के बूथ संख्या 91,100,102, 103 एवं 105 पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद, उनके त्याग, बलिदान एवं विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आहवान किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। राजेश व्यास (सह-संयोजक), अचलाराम प्रजापत, रमेश टावरी, मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र माली, उपाध्यक्ष नखताराम ओड, बूथ अध्यक्ष अशोक प्रजापत, जितेन्द्र पुरोहित, पंकज शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री हरिओम पुरोहित, मनोज ओझा, मोहित दवे, निखिल छगानी, पुखराज भार्गव, भरत प्रजापत, मनीष प्रजापत, मालाराम प्रजापत, चुतराराम माली, राकेश माली, श्यामजी माली, मुकेश ओझा, हरीश रंगा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अंडरब्रिज का स्थान बदलने की मांग

भीनमाल, (निसं)। रिको उद्योग समिति भीनमाल ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित अंडरब्रिज के स्थान को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति ने रेलवे फाटक पर स्वीकृत अंडरब्रिज के वर्तमान स्थान को अव्यवहारिक बताते हुए उसका स्थान बदलने की मांग की है। अध्यक्ष सोमाराम माली के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में स्वीकृत अंडरब्रिज स्थल पर जलभराव की समस्या गंभीर है और वहाँ भारी वाहन तथा ट्रकों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके चलते क्षेत्र की तेल मिलें, फर्नीचर शोरूम, पीवीसी पाइप, ट्रांसफार्मर, गारमेंट्स, स्टील आदि की औद्योगिक इकाइयों को भारी नुकसान उठाना पड रहा है। समिति का कहना है कि प्रस्तावित स्थान पर पहले से ही 13 फीट चौडा रेलवे मार्ग मौजूद है, जिससे केवल तीन इकाइयों को ही लाभ मिलेगा, जबकि बाकी उद्योगों को इस योजना से कोई राहत नहीं मिलेगी। समिति ने अंडरब्रिज के स्थान को रिको रेलवे फाटक (ष्ट-94) के निकट स्थानांतरित करने की मांग की है, जहां से सीधा औद्योगिक मार्ग होकर अधिकतर इकाइयाँ जुडती हैं। उद्योगों को नया, सुविधाजनक और टिकाऊ मार्ग मिल सकेगा।

गौ सेवा एवं पौधारोपण कार्यक्रम हुआ

जोधपुर, (कासं)। साहस चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से गौ सेवा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सोमवार,7 जुलाई को नंदी गौशाला, जोधपुर मैं आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहस चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज नंदी गौशाला में गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ सेवा के अंतर्गत गौशाला में रह रही गौमाताओं के लिए 50 किलो सूखा चारा,30 किलो गुड़,हरा चारा समर्पित किया गया। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने के संकल्प के तहत गौशाला परिसर में 11 छायादार व फलदार वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस पुनीत कार्य में राजकुमारी गुप्ता, उषा कोठारी, लोकेश जी, रतन जी, कमला जी सहित अनेक समर्पित सदस्यों ने भाग लेकर सहयोग व प्रेरणा दी।

चूरू के युवक की जोधपुर में मौत, दुकान के बाहर शव मिला, चोट के निशान

जोधपुर, (कासं)। सांगरिया पुल के पास में युवक का रक्तरंजित शव मिला। प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, जोकि गिरने या हमले के हो सकते हैं। हालांकि मृतक के चाचा की तरफ से हत्या में रिपोर्ट दी गई है। मृतक चूरू जिले का रहने वाला था।

कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह ने बताया कि राजगढ़ के महलाना दिखनादा निवासी हरिसिंह पुत्र गुगन सिंह ने हत्या की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उनका भतीजा विजय कुमार (30) पिछले कुछ समय से जोधपुर में रहकर एक पैकिंग फर्म में काम करता था। 5 जुलाई की सुबह चाचा हरिसिंह को सूचना मिली कि विजय कुमार की मौत हो गई है। इस पर वे अपने गांव से 4-5 अन्य लोगों के साथ सुबह करीब दस बजे जोधपुर के लिए रवाना हुए और दोपहर तीन बजे यहां पहुंचे। यहां सांगरिया पुल से कुछ दूरी पर स्थित उसकी फर्म के नजदीक चार-पांच दुकान छोड़कर एक दुकान के सामने विजय कुमार का शव पड़ा था, जिसके सिर पर चोट, कान, मुंह और नाक से अत्यधिक खून का रिसाव और एक पैर मुड़ा हुआ था। पुलिस इसमें हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक अविवाहित था। आरंभिक जांच में यह भी पता लगा कि वह किसी महिला के संपर्क में था। वह बाड़मेर में भी काम कर चुका है और वहां पर लोगों को अपनी पत्नी बताता था। वह जोधपुर में कुछ समय पहले ही यहां मजदूरी के लिए आया था और पैकिंग के कार्य में लगा हुआ था।

ट्रक ने ली जान

जोधपुर, (कासं)। शहर के कुड़ी भगतासनी स्थित इसरो के सामने एक ट्रक चालक की लापरवाही से राहगीर की जान चली गई। कुड़ी पुलिस ने बताया कि खारडा रणधीर निवासी हेमराज सांसी ने रिपोर्ट दी।

साइक्लोनर टीम ने 40 हजार व 25 हजार के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने एक बार फिर ऐसे दो अपराधियों की धरपकड़ की है जोकि नशे के कारोबार से लेकर हत्या जैसे जघन्य अपराध में लिप्त रहे हैं। इन पर 65 हजार का इनाम भी घोषित हो रखा था और वे दो साल से फरार चले आ रहे थे। साइक्लोनर टीम को जैसे जैसे उनका पता लगा और पीछे लगी रही, आखिर में उन्हें पकड़ पाने में सफलता हासिल की। इसके लिए पुलिस ने ऑपरेशन अस्मिता भ्रम और ऑपरेशन भलाल देव चलाया।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि दो साल से हत्या जैसे जघन्य घटना को अंजाम देकर फरार चल रहे पीपाड़ के चिरढाणी निवासी विष्णु उर्फ ठेकेदार पुत्र पप्पाराम को ऑपरेशन अस्मिता भ्रम और मादक पदार्थों की लम्बे समय से तस्करी कर रहे चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा निवासी भैरूलाल देवासी पुत्र मांगीलाल को ऑपरेशन भलाल देव चलाकर गिरफ्तार किया गया। आईजी विकास कुमार ने बताया कि विष्णु उर्फ ठेकेदार की गिरफ्तारी पर 40 हजार और चित्तौड़गढ़ के भैरूलाल की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित हो रखा था।

इनामी विष्णु जयपुर के जौहरी बाजार से और फरार भैरूलाल जयपुर जिले के फुलेरा जंक्शन से पुलिस की गिरफ्त में लिया गया।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि विष्णु और उसके साथियों ने पहचान के भ्रम में किसी और के स्थान पर श्याम की हत्या कर दी थी। पिछले दो साल से अपनी पहचान बदल कर जयपुर में बैठकर विष्णु पुलिस को भ्रम में डाले बैठा था। पुलिस को उसकी पहचान का पता ही नहीं चलता था और पुलिस भी भ्रम में रहती थी।

भैरूलाल देवासी के नाम के वर्णों से भैरू से 'भ' और लाल और देवासी से देव निकाल कर ऑपरेशन का नाम भलालदेव रखा गया। उसने फैक्ट्री में डोडा की आपूर्ति से शुरू कर डोडा की आपूर्ति की फैक्ट्री बना ली। उसका पढ़ाई में मन न लगने पर पढ़ाई छोड़ कर घर के पास ही मांगरोल की सीमेंट की फैक्ट्री में ट्रेक्टर चलाने लगा था।

वहां के मजदूरों को आसपास के अड्डों से डोडा लाकर आपूर्ति करके थोड़े पैसे जोड़ लेता था। दो-दो किलो से शुरू कर जब क्विंटल में सप्लाई करने लगा भैरु तो स्थानीय पुलिस की निगाहों में चढ़ गया।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि एक दिन आखिरकार निम्बाहेड़ा सदर पुलिस के हत्थे वह चढ़ गया और ट्रेक्टर पर दो क्विंटल डोडा लेकर आया था। जेल पंहुचने पर वहां उसका परिचय एक मजदूर के रिश्तेदार हनुमान से हुआ। परिचय गहरा हुआ तो बड़े पैमाने पर डोडा की आपूर्ति का धंधा शुरू कर दिया था। दोनों ने मिलकर जेल से ही धंधा करना शुरू कर दिया। जब बाहर आया तो पैसे बरसने लगे तब मजदूरों को आपूत छोड़ दी। फिर फुलटाइम सप्लायर बन गया। उसने बाद में एक और हनुमान नाम के शख्स से हाथ मिला दिया पहले वाला पुलिस गिरफ्त में आया हुआ था। दूसरा हनुमान नाम का शख्स बाड़मेर का रहने वाला था। जब दोनों का कारोबार अच्छा चला तो पहले वाले हनुमान के भाई को यह बात नागवार लगी। इस पर उसने साजिशपूर्ण तरीके से उनकी बड़ी खेप को बाड़मेर की आजीटी थाना पुलिस के हाथों पकड़वा दिया।

तस्करी के इस खेल में एक और सामने आई कि जिस भैरूलाल को बाड़मेर का पता नहीं था वह भी बाड़मेर पुलिस की नजरों में चढ़ गया और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया। वह अपनी फरारी काटने के लिए बार नाम पते बदल रहा था। इधर हनुमान के भाई द्वारा अपने मुखबिरों से बार-बार उसका ठिकाना पता लगाया जा रहा था। आखिरकार उसी के मुखबिरों ने साइक्लोनर टीम को उसकी जानकारी दी। वह खाटू श्याम गया था और खाटू बाबा की शरण ली थी, मगर बाबा के दर्शन कर रींगस से ट्रेन पकड़कर घर लौटने लगा था तब साइक्लोनर टीम ने उसे फुलेरा स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में पकड़ लिया।

इन दोनों केस में साइक्लोनर टीम के एसआई कन्हैयालाल, नेमाराम, प्रमित चौहान, देवाराम विश्नोई, हैडकांस्टेबल महेंद्र कुमार, महिपालसिंह और कांस्टेबल अशोक कुमार, राकेश,मनीष परमार, अशोक परिहार, झूमरराम, शेखरचंद, गोपाल जाणी, रोहिताश, घासीलाल शामिल रहे।

औद्योगिक निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : जोराराम

फालना में गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद पीपी चौधरी ने सेलो ग्रुप की ओर से 500 करोड़ रुपए का निवेश कर स्थापित ग्लासवेयर के नए प्लांट का निरीक्षण किया।

पाली, (नि.सं.)। राइजिंग राजस्थान के तहत सेलो ग्रुप की ओर से 500 करोड़ रुपए का निवेश कर स्थापित किए गए ग्लासवेयर के नए प्लांट का निरीक्षण करने के लिए गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत जिले के फालना पहुंचे। उनके साथ सांसद पीपी चौधरी भी मौजूद रहे।

दोनों नेताओं का फैक्ट्री पहुंचने पर सेलो ग्रुप के चैयरमेन प्रदीप राठौड़, जीएम अनिल माथुर, वाइस प्रेसिडेंट शंभु सिंह यादव ने जोरदार स्वागत किया। प्लांट के निरीक्षण के दौरान वहां के तकनीकी स्टाफ ने ग्लास से बनने वाले उत्पादों के बारे में बताया तथा उनकी संपूर्ण तकनीक की जानकारी दी। मंत्री कुमावत तथा सांसद चौधरी ने इनका बारीकी से अध्ययन किया और इस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कहा कि राजस्थान सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है, चाहे वह सब्सिडी हो, जमीन आवंटन हो या तकनीकी समस्याओं का समाधान। उन्होंने सेलो ग्रुप के उद्योग क्षेत्र के विकास में इसके योगदान को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यहां और अधिक निवेश की आवश्यकता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस प्लांट के स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाने पर भी चेयरमैन राठौड़ को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस से निश्चित ही स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने राजस्थान सरकार के प्रदेश स्तरीय वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल

जालोर, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 37वीं मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 9 जुलाई को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना में प्रगतिरत पेयजल योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण हुई योजनाओं एवं एसबीएम-जी2 कार्यों की समीक्षा तथा जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन व संधारण के हस्तांतरण एवं संभावित व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, नल जल मित्रों के प्लम्बर ट्रेड को लेकर प्रशिक्षण, विद्यालयों व आंगनवाड़ियों में पेयजल की समीक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।

प्रशिक्षण 17 जुलाई तक

जालोर, (कासं)। बीएलओ एवं सुपरवाइजर को 3 से 17 जुलाई 2025 तक ईआरओ स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जालोर जिले में आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सेशन प्रथम में इलेक्ट्रोल रोल के प्रोसेस की जानकारी, द्वितीय सेशन में रोल प्ले, फॉर्म भरने एवं प्रकरणों का अध्ययन, सेशन तृतीय में बीएलओ एप और फॉर्म भरने संबंधी चर्चा हुई।

पौधारोपण के निर्देश दिये

पाली, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा में शेष रहे दिनों में आयोजित होने वाले शिविरों व उनमें हो रहे कामों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में उन्होंने शिविरों में विभागवार प्रगति को जाना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही हरियालो राजस्थान के लिये उन्होंने विभागवार लक्ष्यानुसार वृक्षारोपण करने के विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिये। साथ ही मानसून के सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्था करने, सीएसआर मीटींग के लिए, जल संसाधन विभाग बांधों में जल उपलब्धता की जानकारी ली।

बैठक में पीएचईडी जल वितरण, चिकित्सा विभाग में मौसमी बिमारियां, दवाईयों आदि के बारे में, रसद विभाग एनएफएसए की प्रगति, सहकरिता विभाग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कामों, हार्टीकल्चर एवं कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये। साथ ही सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की पेंशन सत्यापन, शिक्षा विभाग में व पौधारोपण लक्ष्य के लिये आदि अन्य सभी विभागों के कार्यों योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा कर उन्हें जल्द निस्तारण के लिये व ई-फाईलों पर कार्य के बारे में निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की फलैगशिप योजनाओं पर चर्चा की आवश्यक तैयारी के लिये कहा। बैठक में नगर निगम, नगर विकास न्यास आदि अन्य विभागों के कामों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये।

इस अवसर पर आईएफएस पी बाला मुरूगन व एडीएम अश्विनी के पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

विषाक्त से मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के मंडोर पुलिस थाना क्षेत्र बालसमंद स्थित महादेव नगर में रहने वाले एक किशोर ने भूल से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडऩे पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

मंडोर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलत: निंबला नगर भेड़ ओसियां हाल महादेव नगर बालसमंद रोड निवासी नवलसिंह पुत्र सुजानसिंह ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के

(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत अपर जिला एव सैशन न्यायाधीश क्रम 4 जयपुर महानगर प्रथम

श्रीमती बालेश बैजल बनाम मृतक श्री मोहन देवनदास शर्मा

मुकदमा न 84 सन् 2019

बनाम- मुसम्मी डॉ0 राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र स्व0 श्री स्वरूप चन्द सोनी निवासी, 17ई/789, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर राज0, मूरती सोनी पुत्र स्व0 श्री स्वरूप चन्द सोनी निवास मकान न0 1011, फर्स्ट डी रोड, सरदारपुरा नेहरू पार्क के पास, जोधपुर, राज0, श्रीमती निर्मला शर्मा धर्मपत्नी श्री हरिकान्त शर्मा निवासी, 16/434, बी चौपसनी हाउसिंग बोर्ड, चुंगी चौकी, जोधपुर राज0, श्रीमती कमला शर्मा पत्नी श्री सहदेव शर्मा निवासी, बी-सुभग नगर, शिव मन्दिर के पास, चारली मिल, पाली राज0, श्रीमती मीरा सोनी धर्मपत्नी श्री मफतलाल सोनी, डीड राईटर तहसील स्विाना, बाडमेर, राज0, श्रीमती भगवती शर्मा पत्नी श्री दीपचन्द शर्मा निवासी राय कालोनी बाडमेर राज. चूंकि..... ने डिग्री अदालत हाजा मवर्खे मुकदमें नं. 77. सन् 2006 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में वार 16 तारीख 07 माह 2025 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो

आज व तारीख 28 माह 05 सन् 2025 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया

आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर/शरिस्तेदार

मोहर अदालत

अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश क्रम-04 जयपुर महानगर प्रथम

कार्यालयः-अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन खण्ड, जालोर

हरजी एवं भाद्राजुन माईकों सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य के लिए धारा-19 के तहत राजस्थान राजपत्र ज्येष्ठ 06, मंगलवार, शाके 1947 मई 27, 2025 का कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग राजस्थान जयपुर के कमांक 133-134/ भू.अ./ ज.स. / 2016 राजकाज नम्बर 15059435 दिनांक 02.05.2025 तहत धारा 19 की घोषणा के कम में प्रकाशन किया गया।

परियोजना भूमि अर्जन पुनवार्सना और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19 हेतु राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित हितकारी / प्रभावित होने वाले भूमिधारको की सूची निदेशक, सुचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार क्यू आर कोड में प्रकाशित किया जा रहा है।

सहायक अभियन्ता
जल संसाधन उपखण्ड
जालोर

DIPR/C/8916/2025

अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन खण्ड
जालोर

जनसुनवाई 10 को

पाली, (नि.सं.)। अटल जन सेवा शिविर एवं उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति बैठक एवं जनसुनवाई 10 जुलाई को आयोजित होगी।

उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को होने वाली उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर एवं साथ ही उपखंड स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 10 जुलाई गुरुवार को प्रात: 10 बजे पंचायत समिति पाली में की जाएगी।